>

Title: Need to ensure benefits of irrigation facility from Ban Sagar Canal project to Banda and Chitrakoot districts, Uttar Pradesh - Laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): एशिया की सबसे बड़ी लगभग 171 कि0मी0 लम्बाई वाला बाण सागर नहर परियोजना जो मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद व मिर्जापुर जनपद के लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, वही उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद- बांदा व जनपद-चित्रकूट इस परियोजना से वंचित हैं जबकि यह क्षेत्र पूर्णतया पिछड़ा हुआ है ।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि बाण सागर नहर परियोजना से उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद चित्रकूट व जनपद बांदा के किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो सके, इसके लिए सरकार कार्यवाही करे ।